# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 21.09.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 21.09.2025

### रविदास पार्क का होगा सुंदरीकरण

**वाराणसी।** संत रविदास पार्क के सुंदरीकरण कार्य का भूमि पूजन शनिवार को कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने किया। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 3.98 करोड़ रुपये है। पार्क का क्षेत्रफल 21,787 वर्ग मीटर है। पार्क की परिधि पर ईपीडीएम फ्लोरिंग युक्त पाथवे का निर्माण होगा। बच्चों के लिए तीन अलग-अलग प्ले एरिया का विकास होगा। बच्चों के खेल क्षेत्र एवं पार्क में बैठने की समुचित व्यवस्था होगी। लैंडस्केपिंग कार्य होगा। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 21.09.2025

### वीडीए ने स्वीकृत किए 19 मानचित्र, 2620 फ्लैट

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से आवासीय योजनाओं के तहत समूह आवास और किफायती आवास योजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। बीते सालों में प्राप्त और स्वीकृत मानचित्र, फ्लैटों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक 19 मानचित्र और 2620 फ्लैट स्वीकृत हुए, जो प्राधिकरण की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। 2025-26 में सितंबर तक 4 मानचित्र और 361 फ्लैट स्वीकृत किए जा चुके हैं। मानचित्र और फ्लैटों की संख्या में प्रगति दर्ज की जा रही है। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 21.09.2025

# संत गुरु रविदास पार्क सुंदरीकरण का विधायक ने किया भूमि पूजन

जागरण संवाददाता, वाराणसी : संत गुरु रविदास पार्क के सुंदरीकरण कार्यों का शुभारंभ शनिवार को विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने भूमि पूजन कर किया। वीडीए के अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा ने बताया कि 3.98 करोड़ की लागत से 21,787 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैले पार्क को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। पार्क की परिधि में ईपीडीएम फ्लोरिंग युक्त पाथवे, बच्चों के लिए तीन अलग-अलग प्ले एरिया, स्केटिंग रिंक और बैठने की व्यवस्था होगी। लैंडस्केपिंग, सजावटी व आर्किटेक्चरल लाइटिंग, संत गुरु

**पार्क में ईपीडीएम फ्लोरिंग युक्त पाथवे, बच्चों के लिए तीन अलग-अलग प्ले एरिया, स्केटिंग रिंक बनाया जाएगा**

रविदास की शिक्षाओं पर आधारित थिमेटिक मूर्तियां और उनके जीवन को दर्शाने वाली सूचना पट्टिकाएं स्थापित की जाएंगी।

परियोजना पूर्ण होने पर पार्क न केवल नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि संत रविदास की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## हिन्दुस्तान–दि0 21.09.2025

# इस साल रिकॉर्ड ढाई हजार से ज्यादा फ्लैट स्वीकृत

**वाराणसी।** एक्सपो के दूसरे और अंतिम दिन शनिवार को अतिथि वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने 'हिन्दुस्तान' की पहल को काफी उत्साहजनक बताया और कहा कि वीडीए भी इस दिशा में काफी काम कर रहा है। नए इलाकों में नई कॉलोनियां बस रही हैं। पिछले एक साल में प्राधिकरण ने छह नई कॉलोनियां बनाई हैं। इनमें लोगों ने काफी फ्लैट बुक कराए हैं। इस दिशा में



पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष-वीडीए

सरकार की नीतियां भी काफी सहायक सिद्ध हुई हैं। उन्होंने कहा कि काशी को नए स्वरूप में विकसित किया जा रहा है। वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि भवनों का नक्शा पास कराने में अब पहले जैसी दिक्कतें नहीं रह गई हैं। इससे लोगों में वीडीए की कॉलोनियों की डिमांड काफी अच्छी है। उन्होंने कहा कि 2023-24 के दौरान जहां 607 फ्लैट स्वीकृत किए गए थे, वहीं 2024-25 के दौरान अबतक 2620 फ्लैट स्वीकृत किए जा चुके हैं। मैं एक बार फिर 'हिन्दुस्तान' का आभार जताना चाहूंगा कि मैं लोगों के सामने योजनाओं को विस्तार से रख सका।